समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# शुभमन गिल का ऐतिहासिक डबल सेचुंरी, आकाश दीप-सिराज की घातक गेदंबाजी : एजबेस्टन टेस्ट मे भंारत की ऐतिहासिक जीत के 5 बड़े कारण।

Publisher Published on 07 Jul 2025



## शुभमन गिल के दोहरे शतक और आकाश दीप-सिराज की शानदार गेदंबाजी के दम पर भारत ने एजबेस्टन मे रंचा इतिहास, जानिए जीत के 5 बड़े फैक्टर्स।

**IND vs ENG 2nd Test Match:** **एजबेस्टन** के मैदान पर भारत ने इतिहास रच दिया है। **पहले टेस्ट** में हार के बाद दबाव में दिख रही भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जोरदार वापसी करते हुए इंग्लैंड को करारी शिकस्त दी। **शुभमन गिल** की **कप्तानी** और **बल्लेबाजी** के साथ **आकाश दीप** और **मोहम्मद सिराज** की बेहतरीन गेंदबाजी ने इस जीत में बड़ी भूमिका निभाई। आइए जानते हैं इस ऐतिहासिक जीत के 5 बड़े कारण।

1. **शुभमन गिल की ऐतिहासिक पारी**

**कप्तान शुभमन गिल** ने दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।
**पहली पारी :** 269 रन की ऐतिहासिक डबल सेंचुरी
**दूसरी पारी :** 161 रन की शानदार पारी
**गिल एक ही टेस्ट मे ं430 रन** बनाने वाले भारत के पहले और दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बने। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें **प्लेयर ऑफ द मैच** चुना गया।

2. **आकाश दीप और मोहम्मद सिराज की घातक गेदंबाजी**

**बुमराह की गैरमौजूदगी** में **भारतीय गेदंबाजी** पर सवाल उठ रहे थे, लेकिन **आकाश दीप** और **सिराज** ने शानदार प्रदर्शन किया।

| **गेदंबाज** | **पहली पारी** | **दूसरी पारी** | **कुल विकेट** |
| --- | --- | --- | --- |
| आकाश दीप | 4 विकेट | 6 विकेट | 10 विकेट |
| मोहम्मद सिराज | 6 विकेट | 1 विकेट | 7 विकेट |

**आकाश दीप** ने डेब्यू टेस्ट में ही **10 विकेट** लेकर सभी को चौंका दिया।

3. **फील्डिंग मे सुधार**

पहले टेस्ट में भारत की खराब फील्डिंग ने हार में योगदान दिया था, लेकिन इस मैच में फील्डर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। **स्लिप कैचिंग, ग्राउंड फील्डिंग** और **रन रोकने** में भारतीय टीम ने कोई चूक नहीं की।

4. **निचले क्रम का योगदान**

पहले टेस्ट में भारतीय निचला क्रम जल्दी ढह गया था, लेकिन इस बार सभी ने जिम्मेदारी निभाई।

**रवींद्र जडेजा :** 89 और 69 रन

**वाशिंगटन सुंदर :** 42 रन

पहली पारी में भारत ने **587 रन** का बड़ा स्कोर बनाया, जो जीत की नींव साबित हुआ।

5. **इंग्लैडं के टॉप ऑर्डर का फ्लॉप शो**

दोनों पारियों में इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे।

| **बल्लेबाज** | **पहली पारी** | **दूसरी पारी** |
| --- | --- | --- |
| क्रॉली | 19 | 0 |
| डकेट | 0 | 25 |
| ओली पोप | 0 | 24 |
| जो रुट | 22 | 6 |

भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लिश बल्लेबाजों को पिच की मदद के बिना भी चित कर दिया।

**एजबेस्टन टेस्ट** जीतना भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। शुभमन गिल की **कप्तानी, बल्लेबाजी, गेदंबाजों** की धार और टीम की सामूहिक कोशिश ने भारत को ये जीत दिलाई। सीरीज में अब भारत ने जोरदार वापसी कर ली है और आगे के मैचों के लिए आत्मविश्वास बढ़ा लिया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.